# अंतरराष्ट्रीय उड़ानें एक दर्जन पार

## सफर में राहत 1

**लखनऊ, मुख्य संवाददाता।** कोरोना संक्रमण सीमित होने के बाद नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू हो गई हैं। इसके तहत लखनऊ एयरपोर्ट से अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की समय सारिणी जारी कर दी गई है। राजधानी से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या एक दर्जन पार कर कुल 13 हो गई हैं। कोरोना के चलते बंद उड़ानें दो साल बाद बहाल हो सकी हैं। फिलहाल खाड़ी देशों के लिए हैं।

राजधानी से शारजाह, रियाद, जेद्दा, दुबई, दम्माम के लिए विमान सेवाएं हैं। घरेलू वर्ग में इंडिगो, गो फर्स्ट, एयर इंडिया, विस्तारा, अलाइंस एयर की उड़ानें हैं। विदेश के लिए इंडिगो, फ्लाई दुबई, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सलाम एयर, साऊदिया और फ्लाईनास की भी सीधी सेवाएं हैं। गर्मियों के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार रविवार को सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें हैं। इस दिन आने वाली उड़ानों में इंडिगो की शारजाह लखनऊ, रियाद लखनऊ, दम्माम लखनऊ, दुबई लखनऊ, एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई लखनऊ, फ्लाइनास की दम्माम लखनऊ, एयर इंडिया एक्सप्रेस की जेद्दा लखनऊ और सऊदिया की रियाद लखनऊ उड़ान शामिल हैं। जाने के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की लखनऊ दुबई, लखनऊ जेद्दा फ्लाइनास की लखनऊ दम्ममा आदि उड़ानें हैं।

## सिंगापुर के लिए इंतजार

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक से पहले थाई स्माइल की बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान थी। नए शेड्यूल में यह शामिल नहीं है। इसी तरह सिंगापुर के लिए सीधी उड़ान थी नहीं है।

### सप्ताह में उड़ानें (घरेलू)

| दिन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| शुक्रवार | 52 | 52 |
| शनिवार | 53 | 53 |
| रविवार | 59 | 59 |
| सोमवार | 57 | 57 |
| मंगलवार | 61 | 60 |
| बुधवार | 57 | 57 |
| गुरुवार | 62 | 61 |

### सप्ताह में उड़ानें (अन्तरराष्ट्रीय)

| दिन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| शुक्रवार | 06 | 06 |
| शनिवार | 09 | 09 |
| रविवार | 09 | 09 |
| सोमवार | 08 | 08 |
| मंगलवार | 10 | 10 |
| बुधवार | 09 | 09 |
| गुरुवार | 09 | 09 |